**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **8 मार्च / March, 2021**

# सिडबी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न पहल

## On International Women's Day, SIDBI launches series of initiatives to empower women

सूक्ष्म,लघु व मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रचार, वित्तपोषण और विकास में संलग्न प्रमुख वित्तीय संस्था, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा स्टैंड-अप इंडिया, पीएम स्वनिधि जैसी विभिन्न पहलों और नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत देश भर में महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the principal financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSME), is empowering women across the country through its various initiatives like Stand-Up India, PM SVANidhi and initiatives under Corporate Social Responsibility (CSR).

अप्रैल 2016 में शुरू की गयी स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत अब तक 91 हजार से अधिक महिलाओं को ऋण स्वीकृत किया गया है, जो कुल मंजूरियों का 82 प्रतिशत है। चालू वर्ष के दौरान 6 हजार से अधिक महिलाओं को ऋण मंजूर किया गया है जोकि कुल ऋणों का 75 प्रतिशत है।

Under the Stand-Up India scheme, which was started in April 2016, as on date over 91 thousand women have been sanctioned loans which accounts for 82 per cent of the total sanctions. During the current year, loans have been sanctioned to over 6 thousand women which contributes to 75 per cent of the total loans.

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक श्री वी सत्य वेंकट राव ने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, हम अपने मिशन स्वावलंबन के तहत विभिन्न वित्तीय और गैर-वित्तीय पहलों के माध्यम से जिसमें संवर्धनशील एवं डिजिटल प्रयास भी शामिल हैं, देश भर में असेवित/ अल्पसेवित महिलाओं तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। एक विकास बैंक के रूप में हम विशेष रूप से

आजीविका और छोटे उद्यमियों की सेवा के लिए पारितंत्र को निरंतर सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं।

"Shri V. Satya Venkata Rao, Deputy Managing Director of SIDBI said, "On International Women's Day, under our Mission Swavalamban, we are trying to reach unserved/underserved women across the country through various financial and non-financial access initiatives including promotional as also digital bouquets. As a development bank, we believe in continuously strengthening the ecosystem particularly for serving livelihood and micropreneurs."

इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सिडबी ने 8 पहलों की शुरुआत की है जिसमें भारत के महिला उद्यमियों के परिसंघ (COWE) के सहयोग से स्वावलंबन सशक्त कार्यक्रम की व्यवस्था, 4 राज्यों (जैसे, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, पंजाब और नागालैंड) में गैर-सरकारी संगठनों का समर्थन करना , भावी महिला उद्यमियों के लिए समर्पित नौवीं सूचना श्रृंखला की शुरुआत आदि है।

Also, on International Women's Day, SIDBI unleashed 8 initiatives including arranging of Swavalamban Sashakt Programme in association with Confederation of Women Entrepreneurs of India (COWE), supporting NGOs in 4 states (i.e., Uttar Pradesh, New Delhi, Punjab and Nagaland), launching of ninth info series dedicated to aspiring women entrepreneurs.

इसके अलावा सिडबी ने पंजाब में नाभा जेल की महिला कैदियों के लिए पांच-दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण पर कार्यक्रम भी आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला कैदियों को उनकी सजा की अवधि के दौरान उन्हें लाभदायक गतिविधियों में संलग्न रखने और आजीविका के अवसर प्रदान करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण पर कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करना है।

Besides, SIDBI also organized a five-day food processing program for women prisoners of Nabha Jail in Punjab. The purpose of the program is to provide opportunities for the women prisoner inmates to engage them in fruitful pursuits during the term of their sentence and provide them livelihood opportunities as well through skill training on food processing.

अपनी नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के तहत सिडबी ने नई दिल्ली के कल्याणपुरी में घुमंतू समाज की लड़कियों और महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रदान करने के लिए एक गैर सरकारी संगठन सिद्धि का समर्थन किया। बैंक ने साक्षी एनजीओ के माध्यम से गुरुग्राम में सिलाई ऑपरेटर (कटाई और सिलाई) पर एक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किया।

Under its Corporate Social Responsibilities activity, SIDBI supported Siddhi, an NGO to provide health, hygiene and sanitation for girls and women of Ghumantu Samaj in Kalyan Puri, New Delhi. The bank also started a skill development training programme on sewing operator (cutting and tailoring) in Gurugram through Sakshi NGO.

नागालैंड के दीमापुर में, पारंपरिक आभूषण बनाने पर 30-दिवसीय स्वावलंबन कौशल उन्नयन कार्यक्रम की शुरुआत आज से हुई है। आशा है कि कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागी अपनी इकाई स्थापित कर स्वावलंबी बन कर स्व नियोजित हो सकेंगे।
In Dimapur, Nagaland, a 30-day Swavalamban Kaushal Unnayan Programme on traditional jewellery making has connected today. It is expected that post programme the participants will become Swavalambi by way of grounding of units or become gainfully employed.

**सिड्बी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 अपने साथ समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in